वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 23.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर“,दैनिक जागरण आईनेक्स्ट, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 23.03.2025

फागुनी गीतों संग मना होली मिलन समारोह

VARANASI : वाराणसी विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ का होली मिलन समारोह शनिवार को वीडीए के परिसर में फागुनी गीतों के बीच मनाया गया. मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सचिव वेद प्रकाश मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत की. इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरी, वीडीए सदस्य अम्बरीश सिंह भोला, वित्त नियंत्रक, प्रभारी अधिकारी (अधिष्ठान), नगर नियोजक, अपर सचिव, गुडाकेश शर्मा एवं परमानंद यादव, वाराणसी विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिन्हा, महामंत्री अभिषेक सिंह, नाजिर, सुरेन्द्र तिवारी, अनिरुद्ध पांडेय, पीयूष कुमार श्रीवास्तव (पीआरओ) मौजूद थे. अंत में कलाकारों को सम्मानित किया गया.

ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 23.03.2025

वाराणसी विकास प्राधिकरण के कर्मचारी संघ ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

वाराणसी। विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ द्वारा विकास प्राधिकरण परिसर में समस्त कर्मचारी एवं अधिकारीगण के सहयोग से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, वेद प्रकाश मिश्रा, सचिव, प्रदीप अग्रहरी, महानगर अध्यक्ष/सदस्य विकास प्राधिकरण बोर्ड, अम्बरीश सिंह भोला, सदस्य विकास प्राधिकरण बोर्ड, वित्त नियंत्रक, प्रभारी अधिकारी (अधिष्ठान), नगर नियोजक, अपर सचिव, श्री गुडाकेश शर्मा एवं श्री परमानन्द यादव, वाराणसी विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, सुनील सिन्हा, महामंत्री, अभिषेक सिंह, नाजिर, सुरेन्द्र तिवारी, अनिरुद्ध पाण्डेय, पियूष कुमार श्रीवास्तव, (पी0आर0ओ) सहित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे। समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा बहुत ही हर्षोउल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया, जिसमें उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा कर्मचारी संघ की तरफ से आयोजित होली मिलन समारोह का धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

न्यायाधीश–दि0 23.03.2025

स्मार्ट सिटी-311 एप से बेहतर होगी शहर की आबोहवा, कार्यशाला में कर्मियों को किया प्रशिक्षित

वाराणसी। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार अपर सचिव परमानन्द यादव की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी-311 ऐप के उपयोग पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्मार्ट सिटी-311 एप से शहर में प्रदूषण की मात्रा को कम करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। कर्मियों को इसको लेकर प्रशिक्षित किया गया। एप पर निर्माणाधीन स्थलों पर हरा परदा लगाने, पानी का छिड़काव करने, बिल्डिंग मलबे के निस्तारण जैसी समस्याओं को चिह्नित कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है। इस प्रणाली के माध्यम से वाराणसी विकास प्राधिकरण, नगर निगम और अन्य विभागों को त्वरित कार्रवाई कर ऐप पर निस्तारण रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ अपलोड करने होते हैं। इस बैठक में प्रशिक्षक प्रागी मिश्र एवं पियूष द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को ऐप का प्रभावी उपयोग सिखाया गया। एयर पोल्यूशन एक्शन ग्रूप (ईंउ) की टीम शहर में वायु प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करेगी और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित करेगी। यदि किसी निर्माण स्थल पर प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियां पाई जाती हैं, तो ग्रीन नेट का उपयोग, पानी का छिड़काव एवं अन्य उपाय अनिवार्य किए जाएंगे ताकि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। प्रशिक्षण के बाद, आईजीआरएस, आरटीआई और शासकीय संदर्भों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सभी संदर्भों का नियत समय में समाधान सुनिश्चित करें। इसके अलावा, जियोट्रिक्स सॉफ्टवेयर पर चिह्नित 54 बड़े निर्माणों में से केवल 5 के शमन मानचित्र दाखिल हुए थे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शमन योग्य सभी निर्माणों का मानचित्र दाखिल कराया जाए। जिन मामलों में मानचित्र दाखिल नहीं किए जाते, वहां सीलिंग, अभियोजन एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में जोनल अधिकारी, अवर अधिकारी, भवन लिपिक एवं प्रवर्तन कार्मिक उपस्थित रहे।